कम्युनिटी आउटरीच

पीएफ़सी द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

2 अक्तूबर 2021

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों के अनुक्रम में, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के तहत 33/11 केवी जीआईएस (गैस इंसुलेटेड स्विचगियर) सब स्टेशन और आरटी-डीएएस (रियल टाइम डाटा एक्विजिशन सिस्टम) कंट्रोल के उदघाटन अवसर पर देहरादून में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

"बच्चों के उत्साह, रचनात्मकता और देशभक्ति से यह आयोजन बेहद शानदार रहा। बच्चों को उपहारस्वरूप स्टेशनरी किट दी गई, ताकि उन्हें आगे अपनी पढ़ाई को जारी रखने और पेंटिंग को एक शौक के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया जा सके।

पीएफसी द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत जयपुर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

30 अक्टूबर 2021

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने जयपुर में स्कूली बच्चों के लिए 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के तहत 33/11 केवी जीआईएस सबस्टेशन उद्घाटन के मौके पर आयोजित किया गया था।

पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 20 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और उनमें से तीन बच्चों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

यह पेंटिंग प्रतियोगिता इस महान राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाली महान आत्माओं और स्वतंत्रता के बाद इसकी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को गौरवशाली श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए "स्वतंत्रता के 75 वर्ष का जश्न" विषय पर आयोजित की गई थी। यह आयोजन हमारी युवा पीढ़ी में इन मूल्यों को विकसित करने के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की ओर से एक प्रयास है।

PFC
JVVNL
जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
द्वारा आईपीडीएस के
अंतर्गत कमीशन किए गए
33/11 केवी जीआईएस